


RNI Regn.No.- 54447/78 स्थापित: 1978 Postal Reg. No. UA/NTL- 08/ 2024-26

# पिघलता हिमालय

वर्ष 40 अंक 31 हल्द्वानी सम्वत् 2081 सोमवार 6 जनवरी 2025 एक प्रति 5 रु., वार्षिक-200 रु. आजीवन 2000 रु.

संस्थापक- स्व.आनन्द बल्लभ उप्रेती
स्व.दुर्गा सिंह मर्तोलिया,
स्व.श्रीमती कमला उप्रेती

editorpighaltahimalay@gmail.com
Website-
www.pighaltahimalay.com

सम्पादक : श्रीमती गीता उप्रेती
संरक्षक : फली सिंह दत्ताल
मंगल सिंह मर्तोलिया

**प्रचार में सामने नहीं हैं लेकिन दांव चल रहे बड़े नेता**

**विस चुनाव 2027 की तैयारी के रूप में भी रणनीति**

# नागर निकाय चुनाव के घमसान से साल की शुरुआत, पार्टियों में बगावत



**-पार्टी टिकट न मिलने से खोल दिया मोर्चा**
**-प्रदेश की सबसे चर्चित सीट हल्द्वानी बनी**
**-मुनस्यारी में पहली बार मौके का जोर**
**-धारचूला और अल्मोड़ा में नये समीकरण**
**-गंगोलीहाट में जोड़तोड़ का नया खेल शुरु**
**-चम्पावत, लोहाघाट, टनकपुर नाक का सवाल**

कार्यालय प्रतिनिधि

उत्तराखण्ड में नागर निकाय चुनाव से साल 2025 की शुरुआत हो रही है। भाजपा, कांग्रेस के अलावा आप और यूकेडी को रणनीति बनाते हुए देखा गया है। कद्दावर नेता सामने तो नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा चले जा रहे दांव की चर्चा हो रही है। असल में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति के रूप में नेता सतर्क हैं। ऐसे में घमासान होनी ही है और पार्टी से टिकट न मिलने का मलाल रखने वाले नेताओं ने निर्दलीय के रूप में मोर्चा खोल दिया है। पार्टियों में बगावत देखी जा रही है और दगाबाज नेता भी अपना काम कर रहे हैं। वार्ड से लेकर अध्यक्ष पद तक के लिये मतदाताओं की परिक्रमा करते नेताओं का हाल समझा जा सकता है। देहरादून, हल्द्वानी, काशीपुर, हरिद्वार जैसी नगर निगम सीटों से लेकर नागर निकायों की सीटों पर उबाल सा आ चुका है। देहरादून में मेयर पद के लिये भाजपा ने सौरभ थपलियाल, उक्रांद ने वीरेन्द्र सिंह को मैदान में उतारा है। काशीपुर में मेयर पद के लिये भाजपा ने दीपक बाली और कांग्रेस ने संदीप सहगल को मौका दिया है। कोटद्वार सीट पर मेयर के लिये भाजपा ने शैलेन्द्र रावत, उक्रांद ने महेन्द्र सिंह रावत पर दांव चला है।

प्रदेश में सबसे चर्चित सीट हल्द्वानी नगर निगम बन चुकी है। ओबीसी आरक्षित होने के बाद सामान्य सीट में परिवर्तित हुई मेयर की कुर्सी के लिये बड़े नेताओं ने सारा जोर लगा दिया था अब असल मुकाबला होने जा रहा है। कांग्रेस ने युवा ललित जोशी और भाजपा ने अन्ततः गजराज बिष्ट को टिकट है। असल में कांग्रेस की ओर से टिकट दावेदार कई थे लेकिन युवा और लगातार टिकट के लिये माहौल बनाने वाले ललित को पार्टी ने मौका दिया। भाजपा टिकट के मामले में बुरी तरह उलझी रही, निवर्तमान मेयर डॉ.जोगेन्द्र रौतेला, सभासद प्रमोद तोलिया, पूर्व चैयरमैन रेनू अधिकारी के नाम पर माथापच्ची के बाद अन्ततः गजराज को पार्टी ने मौका दिया है।

सीधे सीमान्त क्षेत्र मुनस्यारी की बात करें तो पहली बार निकाय चुनाव के लिये उतरे प्रत्याशियों और मतदाताओं में जोश है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिये कांग्रेस ने युवा मनोहर टोलिया को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस की ओर से युवा राजेन्द्र पांगती और वरिष्ठ समाजसेवी श्रीराम सिंह धर्मशक्तू का नाम चर्चा में था। टिकट न मिलने की नाराजी वरिष्ठ नेताओं में देखी जा रही है। समाजसेवी तारा पांगती ने भी अपना रोष जाहिर किया है। भाजपा ने सत्यवान सिंह निखुर्पा को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनौती दी है। अनुभवी और सामाजिक कार्यों में हरहमेशा लगे चेहरों में देखा जाए तो श्रीराम सिंह धर्मशक्तू के पक्ष में भी युवाओं के साथ हर वर्ग से लोग जुटे हुए हैं। धारचूला नगर पालिका सीट ओबीसी महिला होते ही धांकड़ नेताओं को निराश होना पड़ा। यहाँ भाजपा की बेला शर्मा और कांग्रेसी शशि थापा के बीच मुकाबला है।

नगर पालिका गंगोलीहाट में रोचक मुकाबला होने जा रहा है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और यूकेडी नेता कल्याण सिंह धानिक के चुनाव मैदान में उतरते ही माहौल एकदम बदल चुका है। भाजपा ने पूर्व चैयरमैन विमल रावल पर भरोसा किया है। कांग्रेस ने युवाओं में खासी पैठ रखने वाले नारायण सिंह बोहरा को मैदान में उतारा है। बेरीनाग सीट पर निवर्तमान चैयरमैन हेम पन्त की पत्नी हेमा पन्त के पक्ष में माहौल बना हुआ है। भाजपा से कई दावेदारों के बाद खीला धानिक को टिकट मिला है।

बात चम्पावत जिले की करें तो यह सीधे से मुख्यमंत्री की नाक का

शेष पृष्ठ 2 पर

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)



# पिघलता हिमालय

## चुनाव बड़ा अवसर होता है

**इन दिनों उत्तराखण्ड में नागर निकाय चुनावों का जोर चल रहा है। नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम में मुखिया की कुर्सी सहित वार्ड सभासद बनने के लिये प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव कौन लड़ रहे हैं, समाज के प्रति इनमें कितनी चेतना है, समाज के सुख-दुःख में इनका कितना साथ है, अपने क्षेत्र को दिशा देने एवं दशा सुधारने में ये कितने निपुण हैं, इन बातों को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को अपना निर्णायक मत देना चाहिये। चुनाव बड़ा अवसर है, इसमें बहकने और बहलने के बजाए ठोस निर्णय लेना होता है। चुनाव की इस बेला पर जब पार्टियों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर लगा रहे हैं मतदाता सोच में है कि वह पार्टी के नाम पर वोट दे या निर्दलीय की ताकत पर बोट दे। निकाय का क्षेत्र स्थानीय सरकार जैसा ही है, ऐसे में मतदाताओं को बहुत सोच-विचार कर अपना पक्ष रखना होगा। अक्सर होता है कि कुर्सी पाने के लिये और इससे पहले टिकट पाने के लिये धनबल-बाहुबल वाले नेतागर्दी में उतर जाते हैं और कुर्सी पाने के बाद उनकी सोच के हिसाब से निकाय में कारगुजारी होती है। सुलझा हुआ जनप्रतिनिधि हमें मिले इस ओर सोचते हुए सतर्क रहना हो जाइए तभी जनहित और समाज की उन्नति होगी।**

## देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

### विदेश में भारतीयों रक्षा करेगा नया 'उत्प्रवास'

नई दिल्ली। विदेशों में भारतीय नागरिकों के रोजगार, उनकी सुरक्षित आवाजाही, सुरक्षा और कल्याण के लिए एक नियामक तंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से सरकार एक नया उत्प्रवास विधेयक संसद में पेश करेगी।

### भगदड़ पीड़िता के परिवार को 2करोड़ सहायता

हैदराबाद। अभिनेता अल्लू अर्जुन और फिल्म पुष्पा के निर्माताओं ने 4 दिसम्बर को यहां संध्या सिनेमाघर में फिल्म देखाये जाने के दौरान मची भगदड़ में जान गंवाने वाली महिला के परिवार को दो करोड़ की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। घायल लड़के के परिवार को भी वित्तीय सहयोग दिया जाएगा।

## फसक



## दाज्यू, हैप्पी न्यूइयर में धुरमण्ड होने वाली ठैरी

### आरामतलब लोगों के घरों में बाजार मिसी गया है बल

दाज्यू, नए साल का जश्न झील किनारे वाले शहर से लेकर जंगल से झिलमिल भवन तक खूब हुआ। पहले ही बुकिंग हो गई थी बल। दाज्यू, हैप्पी न्यूइयर में धुरमण्ड होने वाली ठैरी। चिल्ली पनीर, मटन डोसा, बिरयानी, तन्दूरी चिकन, कड़ाही चिकन.....पता नहीं क्या-क्या मसाला लपेट खाना-पीना रिवाज होता जा रहा है। ठण्ड के दिनों में भांग डाली सब्जी, तिमूर की चटनी, गन्द्रायणी का स्वाद.......सब गजबजी गया है। जिबड़ी बाजार का रायता चाटने को तैयार है और आरामतलब लोगों के घरों में बाजार मिसी गया है बल। रामनगर के छोई में पुलिस ने एक घर से पौने दो सौ पव्वे शराब पकड़ी। दाज्यू, थर्टी फस्ट के लिये बड़ा इन्तजाम किया था बल। देहरादून के राजपुरा में हैपी डे मनाने के लिये 25 लाख की विदेशी शराब एक फ्लैट से पकड़ी गई।

दाज्यू, नगर में चुनाव की गनर-मरन है, ऐसे में बहुत हिसाब से चलना पड़ रहा है। रुद्रपुर में रहने वाली एक युवती ने फेसबुक पर चाइल्ड पोर्न वीडियो डाल दिया फिर पुलिस जांच में जुटी। टनकपुर में नशे में धुत्तव्यक्ति ने युवक को चाकू गोदकर मार डाला। चाकूबाज और युवक में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था बल। उधर बनबसा में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की हत्या मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच चल रही है। दाज्यू, बालक का शव शारदा किनारे संदिग्धावस्था में मिला था।

दाज्यू, मरामार-कटाकाट के बीच जांच-पड़ताल होते रहने वाली ठैरी। पूर्व मंत्री हरक सिंह की पत्नी दीप्ति और करीबी लक्ष्मी से ईडी की पूछताछ जारी है। जमीन फर्जीवाड़े और कार्बेट सफारी घपले के मामले में सवाल पूछ गये बल। दाज्यू, अपने बमसिंह चैयरमैन के लिये जोर लगा रहे हैं। मुनरुवा भी बार्ड मेम्बर बनना चाहता है।

-तुम्हारा भुली झकरुवा

## नागर निकाय चुनाव के........



### -रानीखेत-चिलियानौला में दमदार नेता
### -बागेश्वर कांग्रेस ने ऐन वक्त बदला
### -नैनीताल-भीमताल महिला नेता आगे
### -डीडीहाट अनारक्षित सीट पर टक्कर
### -खटीमा सीट पर किसका दबदबा, सबकी निगाहें
### -भवाली टिकट न मिलने पर नाराजी ज्यादा ही
### -हरिद्वार ओबीसी सीट पर जैसल-वालियान सामने
### -रुद्रपुर में शर्मा-खेड़ा को अपनों से भी निपटना
### -अल्मोड़ा पार्टियों में खुली और भीतरघात जारी
### -पौड़ी में हर बड़ा नेता पीछे खड़ा हो चुका है
### -पिथौरागढ़ में दावेदारी को लेकर बगावत जारी

प्रथम पृष्ठ का शेष

सवाल भी है। टनकपुर नगर पालिका के लिये ओबीसी सीट पर निवर्तमान चैयरमैन विपिन कुमार भाजपा की ओर से दमदार प्रत्याशी हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर सेनि.शिक्षिका हिमा वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। चम्पावत महिला सीट पर प्रेमा पाण्डे भाजपा और कांग्रेस की नीमा कठायत के बीच कांटे का मुकाबला हो रहा है। टिकट न मिलने पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष विजय वर्मा की पत्नी ममता वर्मा ग्रुप की नाराजी है। लोहाघाट सीट पर गोविन्द लाल वर्मा भाजपा और कांग्रेस के गिरधर सिंह के बीच कांटे की टक्कर होनी थी लेकिन गिरधर का नाम वोटर लिस्ट में न होने के कारण पार्टी ने उनके सुपुत्र रणजीत को प्रत्याशी बनाया। पार्टियों का भीतरघात लगातार बना हुआ है।

रानीखेत-चिलियानौला सीट पर दमदार उम्मीदवारों के साथ जोर आजमाइश है। भाजपा ने मदन सिंह कुवार्बी और कांग्रेस ने अरुण रावत के बीच रोचक मुकाबला होने जा रहा है। बागेश्वर नगर पालिका पर पार्टीबाजी का जोर है। भाजपा की ओर से सुरेश खेतवाल और कांग्रेस से गीता रावत दोनों ही मजबूत प्रत्याशी हैं। कांग्रेस ने पहले कवि जोशी को प्रत्याशी बनाया फिर उनकी जगह पूर्व चैयरमैन गीता को प्रत्याशी बनाया ऐसे में एक पक्ष बेहद नाराज है। कपकोट महिला आरक्षित सीट पर भी पार्टी नेताओं का घेरा है। भाजपा की ओर से गीता ऐठानी और कांग्रेस की ओर से धना बिष्ट के बीच कांटे का मुकाबला है। नैनीताल नगर पालिका में महिला नेताओं पर चुनावी गणित बैठाया जा रहा है। महिला सामान्य सीट पर कांग्रेस ने डॉ. सरस्वती खेतवाल और भाजपा ने जीवन्ती भट्ट को अपना उम्मीदवार बनाया है। भीमताल एससी महिला सीट पर चैयरमैन के लिये भाजपा ने कमला आर्या और कांग्रेस ने सीमा टम्टा को मैदान में उतारा है।

डीडीहाट सीट को अनु.जनजाति सीट घोषित करने की अन्त तक मांग होती रही लेकिन इसे अनारक्षित रखा गया और इसमें जबर्दस्त टक्कर होने जा रही है। भाजपा ने लोकेश सिंह भड़ को मैदान में उतारा है जबकि कांग्रेस ने गिरीश चुफाल को टिकट दिया। खटीमा नगर पालिका सीट पर सबकी निगाहें हैं कि किसका दबदबा रहेगा। सीएम पुष्कर धामी को हराने वाले प्रतिपक्ष उपनेता भुवन कापड़ी के विधानसभा क्षेत्र की इस सीट पर भाजपा ने रमेश जोशी रामू को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने बॉबी राठौर पर भरोसा किया है। यहाँ कांग्रेस से टिकट न मिलने पर नाराज राशिद अंसारी ने निर्दलीय पर्चा भर दिया।

भवाली नगर पालिका में कांग्रेस ने पंकज आर्य को टिकट दिया तो दयाल आर्य ने नाराज होकर इस्तीफा दे डाला। कालाढूंगी में कांग्रेस ने पूर्व चैयरमैन दीप सती की पत्नी भावना को प्रत्याशी बनाया है। रामनगर में हाजी मो.अकरम मजबूत प्रत्याशी के रूप में दिखाई दे रहे हैं। भाजपा ने मदन जोशी को प्रत्याशी बनाया है।

हरिद्वार नगर निगम ओबीसी सीट पर भाजपा की किरन जैसल और कांग्रेस के अमरेश वालियान आमने सामने हैं। रुद्रपुर निगम की सीट पर भाजपा के विकाश शर्मा और कांग्रेस के मोहन खेड़ा के बीच घमासान और अपनों से निपटने की चुनौती है। अल्मोड़ा में नगर निगम के पहले चुनाव में पार्टियों के टिकट बंटवारे के बाद से खुला विरोध और भीतरघात जारी है। भाजपा ने अजय वर्मा और कांग्रेस ने भैरव गोस्वामी को प्रत्याशी बनाया है। पौड़ी नगर पालिका में कांग्रेस ने यशोदा नेगी और भाजपा ने सुमन रावत को उतारा है लेकिन अपने गणित के लिये हर बड़ा नेता पीछे खड़ा हो चुका है। पिथौरागढ़ नगर निगम के महिला सीट होते ही कई नेता रुठ गये और भाजपा द्वारा कल्पना देवलाल को टिकट देने के बाद बगावत जारी है।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)





यात्रा–वृत्तांत

# 19 वर्ष की उम्र में भीम सिंह बृजवाल अपने साथियों के साथ तिब्बत व्यापार गये

**जगदीश सिंह बृजवाल**

वर्तमान समय में जोहार घाटी के तिब्बत व्यापार तक जाने वाले लोगों की गिनती अंगुली में की जा सकती है। घाटी की चहल–पहल, प्रत्येक गाँव से तिब्बत जाने वाले छोटे– बड़े व्यापारीयों को लोग गाँव से वलकिया (गाजे–बाजे के साथ स्वागत) कुछ दूर तक जाकर विदा करते थे। यहाँ के व्यापारी भी अन्य घाटी यों की व्यापारीयों की तरह हिमालय के वार–पार क्षेत्रों में दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं की आपूर्ति करते थे।

तिब्बत व्यापार के लिए माल वाहक के कार्य भेड़–बकरी, घोड़े–खच्चर, जूबू, चौंर(याक) ही प्रमुखतया थे। निर्यात– कपड़ा, अनाज, किराना सामान, भेली (गुड़) वस्तु विनमय के अतिरिक्त नगद धनराशि देकर भी किया जाता था। मण्डी तथा मित्र तक पहुंचाकर वस्तु विनमय का व्यापार प्रमुखतया था। आयात– नमक, ऊन, सोना–सुहागा, चंवर पूंछ आदि किया जाता था। व्यापार का इतिहास पुराणों में भी तंगण–पतंगण के उल्लेख के रूप में देखी जा सकती है।

चीन द्वारा तिब्बत राज्य पर अपना अधिपत्य के चलते सन् 1962 में शौकाओं के सदियों से चलती आ रही व्यापार पर विराम लग चुका था तभी से जोहार के समृद्धशाली इतिहास तथा जोहार के बर्बादी की कहानी लिखना प्रारम्भ हो गया था।

जोहार के शौकाओं को भारत तिब्बत एजेंट गरतोक द्वारा 1955 में व्यापार करने की अनुमति मिलने के पश्चात अपने युवा काल 19 वर्ष के उम्र में श्री भीम सिंह बृजवाल तिब्बत व्यापार जाने हेतु उत्सुक, अपने हम उम्र साथी लछम सिंह बृजवाल, रतन सिंह बृजवाल, बड़े भाई प्रेम सिंह बृजवाल के साथ अपने पिता जसौद सिंह बृजवाल के आज्ञा से तिब्बत जाने के लिए तैयार हो गये। जो आज नब्बे बंसत पार कर चुके अपनी मुंह जबानी बताते हैं–

बिल्जू ग्राम से व्यापारी दल को गाँव के लोग वलकिया (गाजे–बाजे से स्वागत) कर गाँव से कुछ दूर तक विदा करते थे। हम भी उसी तरह विदा हुए, हम केवल घोड़ा–खच्चर में जौं, उवा लेकर एक याक (चंवर) याक के साथ तिब्बत यात्रा पर थे। सबसे आगे याक तथा उसकी विशिष्ट विशेषता, कुदरत की देन यह जानवर चलते समय रूकने का नाम नहीं लेता है। आगे–आगे मार्ग दर्शक का



काम कर रही थी। पहला पडाव दुंग नामक स्थान पर रहा। कठिन कंकड़–पत्थर, पथरिली, बर्फ के रास्ते भी अति कठिनाइयों भरा राह भी सुखद अनुभूति ही करा रही थी। जो उनका प्रथम व अन्तिम यात्रा थी।

तीन धूरा (चोटी) जहाँ जान गंवाने में भी देर नही लगती थी। ऊंटाधूरा, जयंती, किंगरी–बिगंरी जिसे किसी भी रूप में एक दिन में पार करना अनिवार्य था। जिसे हम डेथ पांइट भी कह सकते हैं। एक ही दिन में पार कर लिया गया, उसी बीच गंग पानी से लकगरी–बिगंरी, दुंग, छिरतिंग, चिलमता, मानीथंगा, खिमलिंग, गुरगम, मिसर, बम्बाडोल ज्ञानिमा तक रास्ते, पड़ाव दुर्गम, बर्फीले रास्ते जहाँ चलते काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जहाँ भेड़–बकरियाँ का र्क में डूबने तक की स्थिति आ सकती थी किन्तु हमारे पास सिर्फ घोड़े, खच्चर ही थे। बस अन्तिम चोटी किंगरी–बिगंरी पहुंचकर कैलाश पर्वत दर्शन का मनोरम दृश्य दृष्टिगत नज़र आने लगी।

सभी गर्खाओं के मित्र की तरह बृजवालों के मित्र खिमलिंग स्थान पर डेरा डाले थे। चंवर गाय के बालों से बनाया तम्बू जिसमें अत्यधिक गरम रहता था। वहाँ बौद्ध मठ (गुम्फा) का दर्शन व पूजा– पाठ करके आगे का रास्ता भी तय किया गया।

रास्ते में हमें अन्य गर्खा(जाति) के लोग जोहार के समाजसेवी व्यक्ति धरम राय के बड़े सुपुत्र बाला सिंह पांगती, हयात सिंह पांगती, उन्हीं के साथ–साथ उमेद सिंह निखुर्पा भी मिल गये थे। तिरछापुरी, सिसर से दायीं तरफ की ओर बगल में हमें अपने मित्र मिल गये थे। जिन्होने चंवर गायों के बालों से बने मोटे तम्बू बनाकर डेरा डाला था। जो हमारा ही इन्तजार कर रहे थे। ज्ञानिमा मण्डी में पहले से पिताजी जसौद सिंह, दीवान सिंह तथा गोबर्धन सिंह, (बड़ा व्यापारी)जसवंत सिंह, जगत सिंह, (सेठ) मोहन सिंह धूरा वाले अपनी दुकान सजाऐ बैठे थे।

दोनों ओर से मित्रजनों का मिलन स्यो–ढोक (प्रणाम) का आदान–प्रदान के बाद थोड़ी देर आराम करने के पश्चात हुनिया मित्र द्वारा आवाभगत में समक्ष सभी के लिए थाली में पकाया हुनकारा भेड़ का गोस्त व सत्तू परोसा था, हम सभी ने सहर्ष स्वीकार कर ग्रहण किया।

अपने मित्र साथियों से मिलकर हम सभी ने तिब्बती बकरी हुनकारा से बाल उतारने में सहयोग भी किया, 120 बिल्ची तैयार कर रूपये ढ़ाई (2=50) की दर से नगद खरीदा था। दो– तीन दिन ठहरने के पश्चात जब घर वापसी की सोच रहे थे तभी तीन दिन भारी बर्फबारी के कारण यही रूकना पड़ा।

ज्ञानिमा व्यापारी मण्डी में याक का आराम दायक आनन्दित सवारी, घुमते–फिरते रहना जिसकी यादें भूले नहीं भुलाया जा सकता है, कुछ दिन रूकने के पश्चात अपने गाँव बिल्जू वापसी हुई। जोहार से तिब्बत आने –जाने में लगभग आठ–दस दिन का समय अवश्य लगता है।

श्री भीम सिंह बृजवाल जी से उनके तिब्बत यात्रा के विषय में बातचीत, जिक्र करने पर भावुक हो जाते है, वे तिब्बत यात्रा की सुखद अनुभूति को संजोये रखना, कभी भूलना नहीं चाहते हैं। आज वे स्वयं सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त है तथा दोनों सुपुत्र श्री गिरीश सिंह व श्री प्रकाश सिंह बृजवाल जी अच्छे सरकारी नौकरी पेशा उच्च ओहदे पद पर आसीन है। शहरों में निवास करते है.लकतु भीम लसह बृजवाल जी का पैतृक भूमि प्रेम, पुरखों के विरासत को खोना किसी प्रकार से नागवार है। शहर का जीवन उन्हें रास नहह्न आता है वे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी देबी बृजवाल संग पुंगराव घाटी के फल्यांटी गाँव में रहते है इसी घाटी में एक और बुजुर्ग व्यक्ति श्री नारायण सिंह बृजवाल जी भी ग्राम मुसरिया में भी रहकर अपनी थाती प्रेम का मिसाल दे रहे हैं और तिब्बत जोहार घाटी के विषम में अच्छी जानकारी रखते हैं। आज हमारे जीते–जागते धरोहरों, बुजुर्गों को सदैव नमन करता हूँ।

## ज्योतिष की बातें– 211

इस सप्ताह चन्द्रमा के अतिरिक्त अन्य किसी भी ग्रह का राशि परिवर्तन नहीं हो रहा है। सम्पूर्ण सप्ताह शनि मूलत्रिकोण राशि कुम्भ में, सूर्य व शुक्र मित्रराशि धनु व कुम्भ में क्रमशः, बुध समराशि धनु में, गुरु शत्रुराशि वृषभ में, मंगल नीचराशि कर्क में तथा चन्द्रमा इस सप्ताह मीन, मेष, वृषभ व मिथुन राशि में क्रमशः गोचर करेगा।

इस स्तम्भ में वर्णित ग्रह विशेष का गोचरुल स्थूल रूप से ही सही होता है। व्यक्ति विशेष का सूक्ष्म विश्लेषण उसकी जन्मकुण्डली, महादशा आदि पर निर्भर करता है।

शुभं भवतु !!

**–ओंकार नाथ कोष्टा**
ज्योतिर्विद् एवं आयुर्विद्

## सम्यक् विचार–102

### कच्चे घर बनाम पक्के घर

कभी–कभी विशेष घटना होने पर कच्चे मकानों की बहुत प्रशंसा की जाती है कि इनमें भूकम्प से नुकसान नहीं होता है, आकाशीय बिजली गिरने पर कोई नुकसान नहीं होता है, सर्दी गर्मी का भी प्रभाव नहीं पड़ता है और कच्चे घर में रहने वाले लोग बीमार भी कम पड़ते हैं। ये सब लाभ होने की बावजूद भी सरकारें पक्के मकान देने की बातें करती हैं, जहाँ झोपड़ी वहीं पक्के मकान। इस तरह की योजनाएँ निकाली जाती हैं इस प्रकार सरकारें और नेता कच्चे मकानों को पूर्णतः समाप्त करना चाहते हैं। इस समय लगभग पूरे देश से कच्चे मकान समाप्तप्राय हो चुके हैं। सभी जगह पक्के मकान बने हैं। दीवारें पतली होने के कारण मकान में सर्दी गर्मी का प्रभाव बहुत पड़ता है जिसके कारण कूलर, हीटर, एसी, फ्जि आदि अन्य चीजों की आवश्यकता पड़ती है । फ़िर बिजली का बिल बढ़ता है तो वह भी मफ़ करने की योजनाएँ सरकार निकालती है । मेरे विचार से कच्चे मकानों को पूर्णतः समाप्त नहीं करना चाहिए। अब तो मकान में पत्थर का उपयोग भी बहुत होने लगा है जिस कारण भी बीमारियाँ बढ़ती हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार आवासीय भवनों में पत्थर का उपयोग सर्वथा वर्जित है। जो बड़े–बड़े पक्के मकान हैं उनमें आधा हिस्सा कच्चा होना चाहिए नहीं तो कम से कम एक कमरा तो कच्चा होना ही चाहिए। यदि किसी मकान में जरा भी कच्चा फर्श उपलब्ध नहीं है तो उसमें वास्तु दोष उत्पन्न होता है। इसलिए मेरे विचार से पक्के मकान में भी कुछ न कुछ कच्ची भूमि अवश्य छोड़ना चाहिए क्योंकि सत्यनारायण कथा, हवन आदि कोई भी धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए भूमि को गोबर से लीपना पड़ता है। बिना गोबर से लीपे भूमि शुद्धि नहीं हो पाती है ।

**– ओंकार नाथ कोष्टा**

**2025 की आप सभी को शुभकामनाएं आप सभी से निवेदन भी है कि नागर निकाय चुनाव में किसी भी प्रकार की**





**वैमनस्यता न होने दें। अफवाहें न फैलाएं। अपने पंचायत/ पालिका/ निगम के विकास के लिये योग्य उम्मीदवारों को चुनें।**

**पिघलता हिमालय**

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)



6 जनवरी 2025 साप्ताहिक पिघलता हिमालय हल्द्वानी


नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ-



# दिनेश भट्ट

जिलाध्यक्ष

उत्तराखण्ड क्रान्ति दल

हल्द्वानी


### एरीज, दून विश्वविद्यालय व आईएएसटीए का संयुक्त सम्मेलन

# उत्तराखण्ड की वायु गुणवत्ता पर वैज्ञानिकों ने किया मंथन

देहरादून। एरीज, दून विश्वविद्यालय व भारतीय एरोसोल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संघ के संयुक्त सम्मेलन में वायु गुणवत्ता को लेकर वैज्ञानिकों के बीच गहन मंथन हुआ। सम्मेलन में वैज्ञानिक ज्ञान, हाल के शोध परिणामों और संसाधनों का आदान-प्रदान किया गया। देहरादून की खराब होती वायु गुणवत्ता पर गम्भीर चर्चा हुई। दून विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मेलन में उत्तराखण्ड की वायु गुणवत्ता का मुद्दा उठाया गया। कहा गया कि हिमालय की सुरक्षा के लिए कार्बन जैसे हानिकारक पदार्थ से बचाव के वैज्ञानिक उपाय तलाशने होंगे। उकी चर्चा के लिये बनाए पैनल में यूकॉस्ट के महा निदेशक प्रो. दुर्गेश पन्त, बीएआरसी के के स्वास्थ्य सुरक्षा व पर्यावरण समूह के निदेशक डॉ. दिनेश के अस्वाल, आईआईटी बॉम्बे के प्रो. वाई.एस. मय्या, वीएआरसी के रेडियोलॉजिकल भौतिकी और सलाहकार प्रभाग की प्रमुख डॉ. बी. के. सपरा, बीएआसी के वैज्ञानिक डॉ. मनीष जोशी और नमित सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान करने से पहले उत्पन्न करने वाले स्रोतों की पहचान करना आवश्यक है। उत्तराखण्ड में प्रदूषण के बड़े स्रोत, धूल, जैव भार का ज्वलन और वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन है। खनन और निर्माण गतिविधियां धूल का मुख्य कारण हैं। उत्तर भारत में जंगलों की आग और फसलों के अवशेष (पराली) जलाना भी एक बड़ा कारण है। इनसे उत्पन्न होने वाले अतिसूक्ष्म एरोसोल के कण लम्बे समय तक हवा में बने रहते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता खराब होती है। सर्दियों के मौसम में जब अफ्रीकी और अरब क्षेत्रों से हवाएं उत्तर भारत में अधिक एरोसोल लाते हैं, तब यह स्थिति विशेष रूप से अधिक खराब हो जाती है। एरीज निदेशक डॉ.मनीष नाज ने हिमालय क्षेत्र की वायु गुणवत्ता के लिये स्थापित उपकरणों की जानकारी दी।

## आइटीबीपी की ओर से प्रशिक्षण

धारचूला। छमनिया चौड़ स्थित 36वीं वाहिनी आइटीबीपी की ओर से चम्पावत में आयोजित 3दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण में मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण समापन में सीडीओ संजय कुमार ने कहा कि मछली पालन एक उभरता हुआ व्यवसाय है। किसान इसमें जुड़कर अपनी आर्थिकी बढ़ा सकते हैं। कमाण्डेंट धर्मपाल सिंह रावत ने बताया कि धारचूला के वाइब्रेट विलेज गाँव सीपू, चल, दुग्तू, तिदांग की सात महिलाओं और 8 पुरुषों को प्रशिक्षण दिया गया।

## बिन्दुखत्ता राजस्व गांव करने की मांग

लालकुआ। बिन्दुखत्ता वनाधिकार समिति द्वारा लम्बे समय से शासन में लम्बित बिन्दुखत्ता राजस्व गांव अधिसूचना जारी करने की पत्रावली पर तेजी से कार्यवाही की मांग की गई है।


## तीन नए पर्यटन जोन शुरू होंगे

हल्द्वानी। वन डिवीजन में वनों से छेड़छाड़ किए बगैर ईको पर्यटन बढ़ाने के उद्देश्य से तीन नए पर्यटन जोन बनने से अभी तक पर्यटन से अछूते चोरगलिया व चम्पावत में पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी।

हल्द्वानी वन डिवीजन के जंगल नैनीताल, उधमसिंह नगर और चम्पावत जिले तक फैले हैं। वन विभग ने यहाँ सीतावनी की तर्ज पर बनाए गए तीन नए पर्यटन जोन के प्रस्ताव को वन संरक्षक ने मंजूरी दी है।

इसके बाद नन्धौर का प्रवेश द्वारा चोरगलिया, सोनापानी कलौनिया का ककराली, चम्पावत और सूर्या देवी जोन का प्रवेश द्वार डोल पोखरा बनाया जाएगा। प्रत्येक गेट पर प्रात: से साययं पारी में 15-15 जिप्सियों से पर्यटक जंगलों व जंगली जानवरों का दीदार कर सकेंगे। इस जोन के शुरू होने से 100 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटन जोन में वन मार्ग बने हैं। गेट निर्माण व अन्य के लिये पेयजल निर्माण निगम डीपीआर बनाएगा। शासन से बजट मिलते ही काम शुरू होगा।

## परिक्रमा




# प्रशासन ने हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र को 6 जोन व 31 सेक्टरों में बांटा

हल्द्वानी। हल्द्वानी-काठगोदाम नगर निगम क्षेत्र को जिला प्रशासन ने 6 जोन व 31 सेक्टरों में बांटा है ताकि सुविधाजनक तरीके से चुनाव प्रक्रिया हो। नगर निगम क्षेत्र में 242452 मतदाता मेयर का चुनाव करेंगे। इनमें 123519 पुरुष और 118918 महिला मतदाता हैं। जबकि 15 मतदाता थर्ड जेंडर हैं। चुनाव अधिकारी व सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी.बाजपेयी ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में कुल 289 बूथ बनाए गए हैं। इनमें से दस बूथों को पिंक बूथ बनाया जाएगा। निगम क्षेत्र में कुल 96 मतदान केन्द्र और 289 मतदेय स्थल बनाए जाएंगे। सामान्य मतदान केन्द्रों की संख्या 21, सामान्य मतदान स्थलों की संख्या 58, सम्वेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या 30, अति सम्वेदनशील मतदेय स्थलों की संख्या 87 है। इसके अलावा 45 अति सम्वेदनशील मतदेय स्थल हैं।

बताया है कि सर्वाधिक बूथ वाले मतदान केन्द्रों में राजकीय इण्टर कालेज बनभूलपुरा, इन्द्रानगर। राजकीय प्राथ. विद्यालय राजपुरा। श्रीश्री 1008 राइंका हैड़ाखान बूथ हैं।

## बलियानाला क्षेत्र में भूस्खलन उपचार

नैनीताल। नगर के आधार बलियानाला क्षेत्र में लगातार हो रहे भूस्खलन के उपचार का बजट वर्तमान स्वीकृत बजट के सापेक्ष 102 फीसदी यानी दोगुने से अधिक बढ़ने वाला है। कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग ने स्वीकृत बजट 177 करोड़ की जगह 181 करोड़ अतिरिक्त 358 करोड़ रुपये का प्रस्ताव सिंचाई विभाग के मुख्यालय को भेज दिया है। गोरखा लाइन में स्थापित राइंका भवन भी अन्यत्र शिफ्ट होना है।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)




नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ-

श्री केदार धाम में आपका स्वागत है

# मोनिका होटल एवं रेस्टोरेन्ट

स्यालसौड़, चन्द्रपुरी (रुद्रप्रयाग)

डा.खिला पांगती( नौटियाल ) जे.पी. नौटियाल

फोन-01364-258582, 9761213099, 9758276528

## धारचूला में रं खेल महोत्सव

धारचूला। रं कल्याण संस्था, यूथ महिला फोरम और नमामि गंगे की ओर से रं खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जवाहर सिंह नबियाल स्टेडियम में मुख्य अतिथि रं कल्याण संस्था के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व आईएएस बिशन सिंह बोनाल, संरक्षक अशाके सिंह नबियाल ने दीप प्रज्जवलित कर इसका शुभारम्भ किया। इससे पूर्व रं कम्युनिटी स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि बोनाल ने कहा कि चरेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जोड़ना है। धारचूला इकाई के अध्यक्ष दीपक रोकली ने अतिथियों का स्वागत किया। केन्द्रीय खेल सचिव डॉ.किशोर सिंह सिर्खाल ने बताया कि बालीबाल की आठ और किक्रेट की 24 टीमों ने इसमें पंजीकरण करवाया।

## ठाकुर सतीश सिंह लडवाल सेवानिवृत्त, दिया संदेश



चम्पावत। जिले के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ और छात्राओं ने विद्यालय के अनुसेवक ठाकुर सतीश सिंह लडवाल की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया । इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सेवा पूर्ण होने पर उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय में मिष्ठान वितरण भी किया गया। श्री लडवाल की सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में आयोजित ये विदाई कार्यक्रम सभी लोगों के लिए भावुक क्षण था।

अपनी सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम में अनुसेवक ठाकुर सतीश सिंह लडवाल ने अपने स्टाफ को सम्बोधन करते हुए कहा कि हमारे पास घरों में अक्सर 1-2 बच्चे होते हैं लेकिन विद्यालय में हमारे पास दर्जनों बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने का अवसर है। अगर विद्यालय के बच्चों पर सच्ची लगन से परिश्रम किया जाएगा तो वो दिन दूर नहीं जब ये बच्चे भारत के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। श्री लडवाल ने हमेशा सत्य की कठिन राह न छोड़ने की बात कही और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने की सीख दे गए ।

पर्यावरण बचाने और नशा हटाने की बात उन्होंने कही। पर्यावरण प्रेमी श्री लडवाल बरसों से पेड़ लगाकर पेड़ों के महत्व के बारे में जनजागरूकता का संचार कर रहे हैं। उसके साथ-साथ उत्तराखण्ड में बढ़ते नशे पर चिन्ता व्यक्त करते हुए समय-समय पर इसके खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कहा रिटायरमेंट के बाद पेड़ बचाने और नशा हटाने के लिए कार्य करेंगे।

आयोजन में उनके सुपुत्र सूरज लडवाल ने कहा- ''मेरे पिता मेरे रोल मॉडल हैं।'' ठाकुर सतीश सिंह लडवाल के पुत्र उत्तराखण्ड हिन्दी समाचार के सम्पादक सूरज लडवाल ने कहा- मेरे पिता जी की कही गई बातों को मैं 10 प्रतिशत भी अपने जीवन में उतार पाऊं तो समझ लूंगा कि मेरा जीवन सफल हो गया। कार्यक्रम में पत्रकार सूरज लडवाल ने कहा, मात्र 16 वर्ष की उम्र से पिताजी ने परिवार की जिम्मेदारियों को उठा लिया था, जिसे सुनकर आज मैं सहम जाता हूँ। हमेशा उनकी बातों का अनुसरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी।


इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, सनातन जागरण सेना के संस्थापक दीपक सिंह बिष्ट 'परिवर्तन', पर्वतारोही नरेश कठायत, भावेश बिष्ट और तमाम अतिथि उपस्थित रहे।




## अनु.जाति-जनजाति शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी अधिवेशन-2024

मुनस्यारी। अनुसूचित जाति जनजाति शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी अधिवेशन 2024 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उपशिक्षा अधिकारी मुनस्यारी बी. एल.आर्या, प्रान्तीय अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा, मण्डलीय अध्यक्ष सुरेन्द्र ग्वासीकोटी, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार, जिला महामंत्री तथा विकासखण्ड के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति के साथ संगठन को मजबूती देने में अपनी-अपनी अहम भूमिकाओं का निर्वहन किया। आज के परिप्रेक्ष्य में आने वाली शिक्षक अन्य कार्मिकों की तमाम समस्याओं पर चर्चा-परिचर्चा की गई। इस मौके पर नई कार्यकारणी कर भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जगदीश सिंह बृजवाल, उपाध्यक्ष सामान्य जगदीश कुमार 'अकेला' उपाध्यक्ष महिला श्रीमती मीना जंगपागी, कोषाध्यक्ष कुन्दन राम को संगठन के उद्देश्य, एकजुटता तथा मजबूती देने की शपथ दिलाई गई। सभा में सभी सदस्यों द्वारा अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सदभावना पूर्वक भविष्य के सभी कार्यों का निष्ठापूर्वक किये जाने का संकल्प लिया गया। अन्त में प्रान्तीय अध्यक्ष के उद्बोधन से सभा का समापन हुआ।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)




Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)





# अतिवृष्टि से जमदोज सूपाकोट के प्राचीन जलस्रोत नौले को ग्रामीणों ने पुर्नजीवित किया

**पि.हि.प्रतिनिधि**

सोमेश्वर। 6 माह पूर्व अतिबृष्टि से जमींदोज सूपाकोट (लक्ष्मीपुर) के प्राचीन नौले को ठीक करने की दिशा में हर स्तर से हुई उपेक्षा से खिन्न ग्रामीणो ने इस जलस्रोत को पुर्नजीवित कर दिया।

नौले के सीर से पानी सुचारु होने के बाद नौले मे वरुण देवता की मूर्ती स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य उद्यान अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने नौले को पुर्नजीवित करने में ग्राम वासियों की भूमिका की खुली सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि शेष कार्य शीघ्र करवाने की स्वीकृति हेतु वे शीघ्र ही पूरे प्रकरण को जिलाधिकारी के संज्ञान में लायेंगे।

पंडित उमेश काण्डपाल द्वारा विधि विधान के साथ वरुण देवता की पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथि ने मूर्ती में माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जजमान उमेश चन्द्र पाण्डे एंव श्रीमती पूर्णिमा पाण्डे, रिटायर्ड प्राफेसर आशा पाण्डे, देवकी नन्दन उप्रेती, अशोक पाण्डे, हरीश पाण्डे, इं. हेम पाण्डे, अशोक पाण्डे, मोहित पाठक, रश्मि पाण्डे, नीता पाण्डे, भावना पाण्डे, आनन्द गिरी, विनोद जोशी आदि थे।

उल्लेखनीय है कि 8 मई 2024 को हुई अतिबृष्टि से यह नौला गधेरे के मलुए से पट गया था। तब स्थानीय प्रशासन ने



मौका मुआयना भी कराया था। ग्रामीणो द्वारा जिलाधिकारी से नौले की मरम्मत कराकर जलापूर्ति सुचारु करने की गुहार लगाई जाती रही।

इस बीच 20 नवम्बर 2024 को गाँव में आयोजित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में भी इस प्राचीन नौले का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इसके बाद 25 नवम्बर 2024 को लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा देवीय आपदा की मद से नौले की मरम्मत और गधेरे के पानी की निकासी के कार्य हेतु 1.99 लाख का इस्टीमेट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजा गया है।

इस अवसर पर रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट आफिसर रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि सरकार प्राकृतिक जल श्रोतो को पुर्नजीवित एवं संरक्षित करने की दिशा में करोड़ो रुपया खर्च करते हुए सजग होने के दावे कर रही है लेकिन इस नौले की उपेक्षा के प्रति ग्राम पंचायत की उपेक्षापूर्ण भूमिका दुर्भाग्यपूर्ण रही है।

उन्होंने ग्रामवासियों की ओर से मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए गाँव की अन्य समस्याओ का भी त्वरित समाधान कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस प्रचीन नौले की खूबी यह है कि इसमें जाड़ो मे गुनगुना और गर्मियों में ठण्डा पानी रहता है।

नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ-



खरक सिंह रावत

(आयकर अधिकारी)

वृन्दावन बिहार, मल्ली बमोरी

हल्द्वानी



नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ-

भगत सिंह टोलिया

(सेनि. डीआईजी, बी.एस.एफ.)

'मालती कुंज', चौपला चौराहा, वीरपारो मार्ग (गैरबैशाली)

विठौरिया नं- 1, पो०हरिपुरनायक, हल्द्वानी

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)





नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ-

घर से बाहर अपनों का साथ
**होटल लक्ष्य इन**
मदकोट
सम्पर्क
7351285555
नरेन्द्र सिंह रावत

न तेरा न मेरा Thats
**APNA GHAR चौकोड़ी**
HOTEL RESTRO BANQUET
YOGA MEDITATION | LIVE MUSIC | HOMELY FOOD | BIRTHDAY WEDDING
मो.- 9458920379, 6396098804
Near by- (माँ कोटगाड़ी, नौलिंग देव, पातालभुवनेश्वर)
पितृछाया- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जोगासिंह मर्तोलिया

**माँ नन्दा आयरन एण्ड बिल्डिंग मैटेरियल**
भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी
(सीमेन्ट, सरिया, टाइल, पेण्ट, सेनेटरी, हार्डवेयर)
गोदाम- जोहार एसोसिएट्स, बच्चीनगर- १, कमलुवागांजा, हल्द्वानी
मो.- 7409440813, 7500619761

**होटल माँ नन्दादेवी एण्ड बारातघर**
नानासेम, मुनस्यारी
गणेश सिंह मर्तोलिया एण्ड सन्स
हार्डवेयर, बिल्डिंग मैटीरियल, जनरल आर्डर सप्लायर्स
फोन सम्पर्क- 05961-222236 8958525979, 9411134775

**MARTOLIA FURNITURE**
A unit of Martolia Enterprises
Pilikothi, Haldwani
Mob- 8057167777, 7906752084, 8650427229

Enjoy Beauty of
Himalaya at
**MARTOLIA LODGE**
Family Guest House-
Sarmoly, Munsiyari
A Home Away From Home & Home Stay
Phone: (05961) 222287

**धमोत होम स्टे**
धरमघर/चकोड़ी
(एडवेंचर जोन, ट्रेकिंग, माउंटेन वाइकिंग, स्थानीय व्यंजन)
www.mountainheights.in
मो. 9760007148

**ललित सिंह जंगपांगी**
मल्ला दुम्मर
मुनस्यारी

**Hotel Bala Paradise**
Tiksain, Munsiari
Ph. 05961222237, 9412951678

**Hayat Paradise**
Bus Station
Munsiari
Ph. 09411556700, 9997733070

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती गीता उप्रेती द्वारा पिघलता हिमालय, जे०के०पुरम्, सेक्टर डी, छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं शक्ति प्रेस, जे०के०पुरम्, सेक्टर डी, छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) से मुद्रित।
सम्पादक: श्रीमती गीता उप्रेती फोन/मोबाइल
9458961490, 9411770280, 9411301014,
editorpighaltahimalay@gmail.com
Website- www.pighaltahimalay.com

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)